
मंगलवार
09 जुलाई 2024



पृष्ठ 4
बालों को रिमूव करने के लिए लेजर...



पृष्ठ 5
श्रद्धा दास का लेडी बॉस लुक फैंस को...



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 155
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

बेहतर जिंदगी का रास्ता बेहतर किताबों से होकर जाता है।
– शिल्पायन

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## सेना पर आतंकी हमले में उत्तराखण्ड के पांच जवान शहीद

हमारे संवाददाता

देहरादून। जम्मू कश्मीर के कठुआ में बीते रोज हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के एक साथ पांच जवान शहीद हो गए। जिनकी शहादत से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचों जांबाजों की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

जम्मू कश्मीर के कठुआ में बीते रोज आतंकियों ने सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला कर दिया था। इस हमले में पांच जवान शहीद हो गए जबकि कई जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हाई अलर्ट और हमले के इनपुट के बीच जम्मू कश्मीर में यह एक माह के दौरान सबसे बड़ा आतंकी हमला है जिसमें उत्तराखंड के पांच जांबाज शहीद हुए हैं।

इस आतंकी हमले में कीर्ति नगर ब्लॉक थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी, रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह, लैंसडाउन निवासी हवलदार कमल सिंह, टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह और रिखणीखाल निवासी राइफलमैन अनुज नेगी शहीद हुए हैं। देर रात पहले आदर्श



नेगी के कठुआ में शहीद होने की खबर आयी तो प्रदेश भर में शोक की लहर दौड़ पड़ी, वहीं कुछ देर बाद ही चार अन्य शहीद जवानों के भी उत्तराखंड के होने की खबर जब आग की तरह फैली तो हर कोई दुख में डूबा नजर आया। एक साथ पांच बेटों को खोने से उत्तराखंड के लोग शोक में हैं।

राइफलमैन आदर्श नेगी के घर में सोमवार देर रात उनकी शहादत की खबर पहुंची तो पूरे गांव में मातम फैल गया। शाहिद आदर्श नेगी के परिजनों का रो-रोकर होकर बुरा हाल है। उनके पिता दलबीर सिंह नेगी गांव में ही खेतीबाड़ी का काम करते हैं। आदर्श वर्ष 2018 में गढ़वाल राइफल्स में भर्ती हो गए थे। वह तीन भाई बहनों में सबसे छोटे थे।

कठुआ के बिलावर उपजिले बदनोता के नाले के पास आतंकियों ने सेना के वाहन पर घात लगा कर हमला किया था। हमले के समय सेना का वाहन इलाके में गश्त पर था। वाहन में 22 गढ़वाल राइफल्स के दस जवान सवार थे। आतंकियों ने पहले ग्रेनेड फेंका और उसके बाद वाहन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जिसमें उत्तराखंड के पांच जवानों ने शहादत दिए। बताया जा रहा है कि हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी बुरहान वानी की बरसी पर सुरक्षाबलों पर हमले के इनपुट पिछले कुछ दिनों से सुरक्षा एजेंसियों को मिल रहे थे। जिसके चलते कठुआ जिले में भी हाईअलर्ट घोषित किया गया था।

## आतंकवाद के विरुद्ध शहीदों का यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगाः सीएम

संवाददाता

देहरादून। जम्मू के कठुआ में हुए आतंकवादी हमले में उत्तराखण्ड के पांच जवानों के शहीद होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मां भारती की रक्षा करते हुए शहीदों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

आज यहां जम्मू के कठुआ में हुए आतंकवादी हमले में उत्तराखण्ड के पांच जवानों के शहीद होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से शहीदों की आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को यह असीम कष्ट सहने की शक्ति प्रदान की कामना की है। उन्होंने

**❑उत्तराखंड के पांच जवानों की शहादत पर मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुख**

कहा कि शहीदों के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस जम्मू के कठुआ में आतंकियों द्वारा किए गए हमले में उत्तराखण्ड के पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकी हमले जनपद रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह रावत, जनपद पौड़ी निवासी हवलदार कमल सिंह, जनपद



टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह, जनपद पौड़ी निवासी राइफलमैन अनुज नेगी, जनपद टिहरी गढ़वाल निवासी आदर्श नेगी ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे रणबाँकुरों ने उत्तराखण्ड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए माँ भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। माँ भारती की रक्षा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध शहीदों का यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस कायरतापूर्ण हमले के दोषी, मानवता के दुश्मन आतंकवादी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएँगे।

## हाथरस भगदड़ मामले में एसडीएम व सीओ समेत 6 अधिकारी निलंबित

हाथरस। हाथरस भगदड़ मामले में एसआईटी ने बीते शुक्रवार को जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी थी। इसमें 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए थे। अब इस रिपोर्ट के आधार पर एक्शन लिया गया है।

इस रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम और सीओ के खिलाफ एक्शन हुआ है। सरकार ने दोनों को निलंबित कर दिया है। एसडीएम और सीओ समेत 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। यह एक्शन एसआईटी की रिपोर्ट के बाद लिया गया था। वहीं एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की अगुवाई में मामले की जांच चल रही है।

हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने समिति भी गठित की थी। एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और मंडलायुक्त चैत्रा वी को एसआईटी में शामिल किया गया था। शासन की ओर से इन्हें 24 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था। वैसे शासन की ओर से बीते बुधवार तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था, लेकिन सीएम योगी के घटनास्थल पर जाने और राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने की वजह से निर्धारित समय अवधि तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी जा सकी थी।

## रूस भारत का 'सुख - दुख का साथी'

मॉस्को । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो रूस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं, उन्होंने श्मोदी-मोदीश के नारों के बीच रूस में भारतीय समुदाय को संबोधित किया है और उन्होंने रूस को भारत का 'सुख दुःख का साथी' करार दिया है। पीएम मोदी ने रूस में रहने वाले भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, कि कैसे भारत के बच्चे-बच्चे के मन में रूस के नाम का मतलब 'भरोसा' है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह रूस की राजधानी में भारतीय समुदाय को संबोधित किया और उनसे मिलने के लिए समय निकालने के लिए लोगों का आभार जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार सरकार की बागडोर संभालने के बाद अपनी पहली द्विपक्षीय




यात्रा में रूस में भारतीय प्रवासियों का अभिवादन करके खुशी जताई।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि मैं आप सभी का यहां आने के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं यहां अकेला नहीं आया हूं, मैं बहुत सारी चीजें लेकर आया हूं। मैं अपने साथ भारत की मिट्टी की खुशबू लेकर आया हूं। मैं अपने साथ 140 करोड़ देशवासियों का प्यार लेकर आया हूं। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कि आज का भारत जो लक्ष्य तय करता है, उसे हासिल करके रहता है। आज भारत वो देश है, जो चंद्रयान को चांद के उस हिस्से तक ले जा रहा है, जहां दुनिया का कोई देश नहीं पहुंच पाया। आज भारत वो देश है, जो दुनिया को डिजिटल ट्रांजेक्शन का सबसे विश्वसनीय मॉडल दे रहा है। आज भारत वो देश है, जिसके पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। जब आप लोगों ने मुझे 2014 में पहली बार देश की सेवा करने का मौका दिया था, तब सैकड़ों स्टार्टअप थे, आज लाखों स्टार्टअप हैं। उन्होंने कहा, कि पिछले दस साल तो बस एक ट्रेलर थे, और अगले दस वर्षों में भारत में विकास में और तेजी आएगी और सभी 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# नाम बड़े और दर्शन छोटे

उत्तराखंड में मानसून को आए अभी 10 दिन का समय ही हुआ है लेकिन सूबे की राजधानी देहरादून से लेकर अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ तथा चंपावत और बागेश्वर से लेकर हरिद्वार तक जिस तरह जल प्रलय से आम जनजीवन संकटग्रस्त दिखाई दे रहा है वह इस बात को प्रमाणित करता है कि भले ही शासन प्रशासन स्तर पर मानसूनी मुश्किलों से निपटने के चाहे जो प्रबंधन के दावे किए गए हो वह आम आदमी के जान माल की सुरक्षा करने के लिए नाकाफी हैं। बात अगर राजधानी दून की ही करें तो स्मार्ट सिटी की सड़कों को हम हर रोज दरिया बनते देख रहे हैं। राजधानी देहरादून के आवासीय क्षेत्रों में जल भराव की समस्या का कोई इलाज नगर निगम क्या कर पाता जब नगर निगम परिसर में ही घुटनों तक पानी भरने से नहीं रोका जा सका। नदियों और नाले-नालियों की सफाई अगर ठीक ढंग से की गई होती तो क्या राजधानी के लोगों को वह आफत भुगतनी पड़ती जो वह भुगत रहे हैं। सड़कों की हालात इतने खराब है कि इन पर चलना किसी भी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है। कल काशीपुर में सड़कों पर नावों के जरिए जलमग्न क्षेत्रों से प्रभावित लोगों को निकालने का काम किया गया। उधमसिंह नगर, सितारगंज और लालकुआं तथा काठगोदाम में बेहद ही खराब स्थिति देखी गई। गौला नदी के उफान पर आने से स्टेडियम और रेलवे स्टेशन तक जलमग्न हो गए। भूस्खलन के चलते राज्य के नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे सहित सवा तीन सौ सड़कों के बंद होने से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। कहीं लोग भूस्खलन की चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं तो कहीं नदियों नालों के तेज बहाव की चपेट में आकर मर रहे हैं। हालात किसी एक स्थान विशेष के ही खराब नहीं है अब तक इस मानसूनी आपदा की जद में आए हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पर विवश होना पड़ा है। लोगों के घरों में पानी घुस रहा है तो कहीं भूस्खलन से मकान के जमींदोज होने का खतरा मंडरा रहा है। पुल और पुलिया पानी के तेज बहाव में ढह रहे हैं तो कहीं पूरी सड़के ही गायब हो चुकी हैं और लोगों तक जरूरी सामान की आपूर्ति तक नहीं हो पा रही है। कहीं बिजली आपूर्ति ठप हो रही है तो कहीं पेयजल लाइने टूटने से लोगों तक पीने का पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है ऐसी स्थिति में अगर किसी व्यक्ति की तबीयत ज्यादा खराब हो जाए तो उसे डोली से ही ढोकर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि लोगों की जान माल की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। वही राज्यपाल आपदा पर फेक न्यूज वालों पर सख्त कार्रवाई की बात कह रहे हैं। आपदा कोई चुनावी विषय तो है नहीं जो मीडिया किसी के प्रभाव में या लालच में गलत खबरों का प्रसारण करेगा। आम आदमी की शिकायत है कि किसी समस्या के समय अगर कंट्रोल रूम को फोन किया जाता है तो घंटी घनघनाती रहती है और फोन नहीं उठता है। यह ठीक है कि जब आपदा राज्य व्यापी है तो सबकी बात नहीं सुनी जा सकती लेकिन आपदा से निपटने की पूर्व तैयारियां अगर गंभीरता से की गई होती तो ऐसे हालात भी पैदा नहीं होते।

# मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र पपनै के आकस्मिक निधन पर दुःख जताया

देहरादून (कासं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र पपनै के आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति और शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी श्री जितेन्द्र पपनै के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# सड़क किनारे खडी कार चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने खुले स्थान से कार चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी निवासी अब्दुल नूर ने क्लेमनटाउन थाने में बताया कि वह किसी काम से आकृति विहार आया था। उसने अपनी कार सडक किनारे खडी कर दी थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी कार अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विक्रम की टक्कर से स्कूटी सवार मां बेटे घायल

देहरादून (सं)। विक्रम की टक्कर से स्कूटी सवार मां बेटे के घायल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविन्द नगर रेसकोर्स निवासी शिव कुमार ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी व बेटा अपनी स्कूटी से शिमला बाईपास से घर की तरफ आ रहे थे जब वह लालबत्ती के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे विक्रम चालक ने तेजी व लापरवाही से विक्रम चलाते हुए उनकी स्कूटी पर टक्कर मार दी। जिससे मां बेटे वहीं पर गिर गये। जिससे उसकी पत्नी के पैर की हडडी टूट गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भिलंगना ब्लॉक के गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा: रतूड़ी

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि जनपद टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के सुनारगांव तथा कैमरिया सौंण गांव को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जायेगा।




आज यहां मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में प्रवासी उत्तराखण्ड प्रकोष्ठ की पहल के तहत प्रवासी उत्तराखण्डवासियों द्वारा अपने गांव गोद लेने की योजना की समीक्षा की। आज की बैठक में चीन में निवासरत प्रवासी उत्तराखण्डी देव रतूड़ी (चीन में अभिनेता व होटल व्यवसायी) द्वारा जनपद टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के सुनारगांव तथा कैमरिया सौंण गांव को गोद लेने पर सहमति दी गई है। विदित है कि गत 05 मार्च को मुख्यमंत्री द्वारा 16 देशों में निवासरत प्रवासी उत्तराखण्डवासियों के साथ वर्चुअल सेमिनार के माध्यम से राज्य के विकास में प्रवासियों के योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई थी। इस सेमिनार में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्पन्न प्रवासी उत्तराखण्डवासियों से उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्रों के गांवों को गोद लेकर उनके विकास में योगदान देने का आह्वाहन किया गया था।

इसी क्रम में सबसे पहले चीन में रहने वाले लोकप्रिय होटल व्यवसायी व अभिनेता देव रतूड़ी ने टिहरी में अपने पैतृक गांव कैमरिया सौंण एवं सुनारगांव को गोद लेने पर सहमति दी है। देव रतूड़ी ने इन गांवों के शिक्षा से वंचित बच्चों की शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता एवं बेराजगार युवाओं को चीन में हॉस्पिटेलिटी से सम्बन्धित रोजगार के अवसर देने की इच्छा व्यक्त की है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारी टिहरी को गांव कैमरिया सौंण एवं सुनारगांव को मॉडल गांव के ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु बनाई गई कार्ययोजना पर देव रतूड़ी के साथ मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने उत्तराखण्डी प्रवासियों द्वारा गोद लिए जाने वाले गांवों में सरकारी योजनाओं तथा व्यक्तिगत प्रयासों के प्रभावी समन्वय पर विशेष जोर दिया है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इन गांवों में निर्माण कार्यों के अपेक्षा आर्थिक विकास, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण, होम स्टे, ऑगेनिक फार्मिंग, स्थानीय उत्पादों एवं मिलेट्स की खेती पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस सम्बन्ध में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने इन गांवों में शत् प्रतिशत सोलर पैनल कवरेज करने, होम स्टे विकसित करने, शत् प्रतिशत साक्षरता हेतु कैम्पेन चलाकर बुर्जगों को भी शिक्षित करने, गांव की खाली जमीन पर मंडुआ, झंगौरा जैसे स्थानीय मिलेट्स की खेती करने, गांवों की सामूहिक संवाद की परम्परा को प्रोत्साहित करने हेतु पंचायत घर में समय-समय पर सामूहिक भोज आयोजित करने तथा गांव में ही आजीविका के अवसर बनाकर पलायन रोकने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि कैमरिया सौंण एवं सुनारगांव को मॉडल गांव बनाने की कार्ययोजना का क्रियान्वयन जल्द से जल्द पूरा करना है, ताकि सभी प्रवासी उत्तराखण्डवासियों को अपने अपने गांवों को गोद लेकर उनके विकास में योगदान की प्रेरणा मिल सके।

बैठक में सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ से सुधीर नौटियाल, देव रतूड़ी, ग्राम प्रधान कैमरिया सौंण हरिभजन सिंह रावत तथा टिहरी जिला प्रशासन के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

# 'पर्यावरण संरक्षण में जनसहयोग' विषय पर हुआ संवाद

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। नागरिक संगठन की पहल पर 'पर्यावरण संरक्षण में जनसहयोग' विषय पर मंथन सभागार में हुआ संवाद। इसमें मुख्य वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, अपर सचिव वन कहकशा नसीम,वन संरक्षक राजीव धीमान ल डीएफओ नीरज शर्मा शामिल हुए। संवाद में डा.धनंजय मोहन ने कहा की वनो के संरक्षण और संवर्धन मे जनसहयोग को सुनिश्चित बनाने के लिए सभी स्तर पर प्रयास किये जायेगे। संचालन संगठन के सचिव सुशील त्यागी ने किया।




इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमियो ने कहा उत्तराखंड मे अतिक्रमित 11814 वनभूमि से अबतक 1380 हेक्टेयर भूमि ही इससे मुक्त करायी जा सकी है।शेष दसहजार अतिक्रमण की चपेट मे आयी वनभूमि के रहते उत्तराखंड को प्रतिपूरक वृक्षारोपण हेतु अन्य राज्यो मे भूमि तलाश करना गंभीर चिंता का विषय है। योगी के बुलडोजर को लेकर इस भूमि को पुलिस एसडीआरएफ के सहयोग से इसे खाली कराया जाना राज्य के हित में है। इनका सुझाव था की पहाड़ में सड़कों के चौड़ीकरण, चार धाम मोटर मार्ग,नए दून दिल्ली एक्सप्रेस वे में काटे गए लाखों पेड़ों के बदले इन सड़कों के किनारे छायादार फलदायी वृक्ष नही रोपित किये गये है।

वक्ताओं ने कहा उत्तराखंड मे विगत वर्षों में हुए वनाग्नि काण्ड में हजारों एकड़ वन क्षेत्र राख बन गया। पशुपक्षियो सहित जानमाल की बर्बादी हुई। इस विनाश को रोकने मे जनसहयोग अनिवार्य बनाया जाए। शहर में पुराने पेडों के सफाये से श्मशान बनी सहस्रधारा रोड, हरिद्वार बाई पास रोड, चकराता रोड, सहारनपुर रोड, रिस्पना से आगे हरिद्वार रोड, आदि को पहले की तरह हरा भरा करने की योजना मे खुद पहल करनी चाहिए।

मुख्य वन संरक्षक डा. धनंजय मोहन ने अन्त में अपने सम्बोधन में ने सयुंक्त नागरिक संगठन की पहल का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि समाज में हमें आपस में समन्वय बनाकर या सुझावों के माध्यम से और मानव को स्वयं ही पहल करनी होगी। सयुंक्त नागरिक संगठन के साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा हमें बहुत अच्छे सुझाव जो आज मिले हैं वन लगाने से लेकर वन बचाने तक व साथ ही वनाग्नि बचाने और अन्य संस्थाओं के साथ समन्वय बनाकर वन विभाग प्रगति की ओर बढ़ेगा।

संवाद कार्यक्रम में ब्रिगेडियर केव जीव बहल , सुशील त्यागी , डॉ ब्रिज मोहन शर्मा , नवीन कुमार , सदाना , प्रदीप कुकरेती , मनोज ध्यानी, कर्नल विक्रम सिंह थापा, देवेन्द्र पाल मोंटी , जगदीश बावला, जीव सीव भट्ट , पदम् सिंह थापा , चंदन सिंह नेगी , खुशवीर सिंह , प्रकाश नागिया, यशवीर आर्य, जीव एसव जस्सल, अवधेश शर्मा, प्रिंस कपूर, परमजीत सिंह कक्कड़ , पीव सीव नागिया , बिश्म्बर दत्त बजाज , अब्बास , कर्नल वीव एसव थापा , अखिलेश अन्थ्वाल , नीरज उनियाल , जस्मिन्दर कौर जस्सल , जीतमणि पैन्युली आदि शामिल थे।

कार्यक्रम के समापन पर वृक्षारोपण हेतु पीसीसीएफ डा.धनंजय ने संवाद में शामिल अतिथिगण को अनेक प्रकार के उपयोगी पौधे भेंट करते हुए आशा व्यक्त की कि आगामी हरेला महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी दूनवासी एक एक पौधा जरूर लगायेगे

# जलागम विभाग भर्ती में गई धांधली की गयीः चमोली

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रवक्ता संदीप चमोली ने कहा कि आउटसोसिंग कम्पनी के माध्यम से जलागम विभाग में भर्ती में धांधली की गयी है।

आज यहां परेड ग्राउंड स्थित एक क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चमोली ने कहा कि फरवरी 2024 में जलागम प्रबंधन डिपार्टमेंट के प्रोजेक्ट के अंतर्गत ज्वै आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से एक विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी। इस विज्ञप्ति के अंतर्गत अनगिनत खामियां हैं एवं बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र अतिशीघ्र इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर संबंधित आउटसोर्सिंग कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाए एवं शासनादेश का उल्लंघन करने वाले संबंधित अधिकारियों पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। चमोली ने कहा कि अगस्त 2023 में जारी उत्तराखंड शासन के एक शासनादेश के अंतर्गत उत्तराखंड में आउटसोर्स के माध्यम से की जाने वाली सभी भर्तीयों को रोजगार प्रयाग पोर्टल के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन द्वारा 11 अगस्त 2023 को जारी शासनादेश में, सभी विभागों को स्पष्ट तौर पर आदेशित किया गया था। लेकिन जलागम विभाग द्वारा इस शासनादेश का खुला उल्लंघन किया गया और बगैर रोजगार प्रयाग पोर्टल के माध्यम से इस भर्ती को आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि टीडीएस कंपनी द्वारा जब विज्ञप्ति जारी की गई तो विज्ञप्ति में पदों का ब्यौरा, अनिवार्य अर्हता, अधिमानी अर्हता इत्यादि का कोई ब्यौरा मेंशन नहीं किया गया, और ना ही टीडीएस कंपनी के वेबसाइट में इस भर्ती को लेकर कोई जानकारी जारी की गई। चमोली ने कहा कि टीडीएस कंपनी द्वारा इंटरव्यू से पूर्व ही आवेदकों से रूपयों की डिमांड की जाने लगी। बोला जाने लगा कि जो कंपनी के अकाउंट में 3 महीने की सैलरी एडवांस में डालेंगे, उन्हीं का सेलेक्शन किया जाएगा। इस कारण कई सारे आवेदकों ने 3 महीने की सैलरी इंटरव्यू से पहले ही कंपनी के एचडीएफसी वाले अकाउंट में डिपॉजिट की। तो इस प्रकार से लाखों का भ्रष्टाचार इस भर्ती के अंतर्गत किया गया है। कुछ आवेदकों ने, पूर्व में भी इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर निदेशालय में शिकायत की थी परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

चमोली ने कहा कि अगर सरकार इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो काग्रेस विस्तृत जन आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रेसवार्ता में मधसूदन सुंदरियाल कार्यकारी अध्यक्ष कांग्रेस,(आईटी), प्रदेश सचिव डॉ नोमान, नवनीत कुकरेती प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस ,अभय कथुरिया प्रदेश उपाध्यक्ष एनएसयूआई ,प्रदेश सचिव कांग्रेस प्रिंस शर्मा आदि उपस्थित थे।

# नये से खुद को संवारे

अमूल शर्मा

आप अपने कार्यों से कुछ नया सीखें। आपका शरीर और दिमाग स्वस्थ रहे। सामान्य जीवन का यह नियम है कि कुछ पाने से पहले हमें कुछ देना होता है। अधिकतर लोग इन्वेस्टमेंट का मतलब केवल पैसे को बैंक, म्यूचुअल फंड, शेयर मार्केट या रियल एस्टेट आदि में इन्वेस्ट करना ही समझते हैं। पर इन्वेस्टमेंट का यह नजरिया छोटा हैज हमें अपने नजरिये को कुछ और गहरा करना होगा। कहां निवेश करें। दोस्तो, वो जगह कोई और नहीं बल्कि आप खुद हैं। आपको अपने शरीर और दिमाग पर अपना कुछ समय और पैसा लगाना होगा। अच्छी किताबों पर निवेश कीजिये। सफल लोगों के पूरे जीवन का निचोड़ किताबों में होता है। किताबें हमें उन मूल्यों को सिखाती हैं जो हम अपने अनुभव से नहीं सीख सकते। सेमिनार और वेबिनार ज्वॉइन कीजिये।

आजकल तो इंटरनेट पर वेबिनार भी बहुत और अच्छे स्तर के होते हैं। आप इन वेबिनार को अपने घर बैठे ज्वॉइन कर सकते हैं। कहा जाता है कि आपके पास जितनी ज्यादा स्किल्स होंगी, उतनी ज्यादा आपकी गुणवत्ता बढ़ जाएगी। पर्सनल फाइनेंशियल नॉलेज पर निवेश कीजिये। करोड़ों लोग ऐसे हैं जो पैसा कमा तो लेते हैं, लेकिन उसे संभालना हर किसी को नहीं आता। पर्सनल फाइनेंस पर यदि आप थोड़ा भी निवेश करते हैं तो आपको उसके कई गुना अच्छे रिजल्ट्स देखने को मिलेंगे।

याद रखिये कि पर्सनल फाइनेंस एक ऐसा खेल है, जिसमें आपकी जितनी ज्यादा प्रैक्टिस होगी, आप जीवन के उतने ही ज्यादा मैच जीत सकेंगे। एक प्रसिद्ध कथन है-पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख है माया (पैसा)। इस कथन में निरोगी काया अर्थात् सेहत को पैसे से ज्यादा अहमियत दी गयी है।

यह सच भी है क्योंकि ऊपर बताये गए सभी निवेश तभी अच्छा रिटर्न देंगे जब आपकी सेहत अच्छी होगी। इसलिए आपको अपनी सेहत पर ध्यान देना ही चाहिए। इसके लिए आप जिम की सदस्यता ले सकते हैं, किसी अच्छे शिक्षक से ध्यान सीख सकते हैं। किसी अच्छे विशेषज्ञ से अपना डाइट चार्ट बनवा सकते हैं। वास्तविक स्वास्थ्य का मतलब केवल बीमार न होना नहीं है बल्कि आपको अपनी सेहत ऐसी बनानी चाहिए, जिससे आपका ऊर्जा स्तर सामान्य व्यक्ति से ऊपर रहे और आपकी उत्पादकता बाकी लोगों से ज्यादा हो। दोस्तो, ऊपर बतायी गयी किसी भी चीज पर यदि आप निवेश करते हैं तो इसका मतलब है कि आप खुद पर निवेश करते हैं। आप इन्हीं निवेश की वजह से वह सभी कुछ हासिल कर सकते हैं जो आज तक आपका सपना है।

# गोर्खाली सुधार सभा, हरिद्वार का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। गोर्खाली सुधार सभा की हरिद्वार शाखा का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को सफलतापूर्वक रानीपुर में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अधिवेशन में उपस्थित मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा, महामंत्री गोपाल क्षेत्री, सांस्कृतिक सचिव कै- वाई-बीथापा, मीडिया प्रभारी प्रभा शाह, वरि-साहित्यकार व सह संपादक उदय ठाकुर का स्वागत-अभिनंदन किया। तत्पश्चात् शाखा अध्यक्ष शमशेर बहादुर बम ने गत वर्ष के कार्यो व आय-व्यय का सम्पूर्ण लेखा जोखा का ब्यौरा भी उपस्थित सदस्यों के सम्मुख रखा।

अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने शाखा के कार्यों की भूरि-भूरि सराहना की एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गोर्खाली सुधार सभा देश के उन गिने-चुने पवित्र संस्थाओं में से एक है जो समाज हित में निःस्वार्थ सेवाभाव से सेवारत है। यह संस्था सम्पूर्ण भारतवर्ष में गोरखा समुदाय की सबसे पुरानी संस्थाओं में से एक है। गोरखा समुदाय का देश के विकास में हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमें राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में सशक्त होना होगा, तभी हमारा भविष्य उज्जवल होगा।




मीडिया प्रभारी प्रभा शाह ने बताया कि संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु निःशुल्क सिलाई-कढाई प्रशिक्षण, युवाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम प्रमुखता से किये जाते हैं।

महामंत्री गोपाल क्षेत्री ने कहा कि सभा छात्रें व युवाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये समय-समय पर सम्मानित करती रहती है इसके लिये क्षेत्रवासियों को संबंधित शाखा अध्यक्ष व पदाधिकारियों से संपर्क रखना होगा।

सभा द्वारा वरिष्ठ विद्वत सम्मान डा-पदम प्रसाद सुवेदी, समाज सेवा के लिये डा-संजय शाह और भारतीय सेना में तीसरी पीढ़ी के योगदान के लिये परिवार मुखिया हव-पदम बहादुर बम को सम्मानित किया गया।गोर्खाली सुधार सभा द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर श्रीमति कल्पना ओझा को सिलाई मशीन भेंट की गयी।

डा. संजय शाह, मेडिकल डायरेक्टर स्वामी रामप्रकाश चौरिटेबल हास्पिटल ने कहा कि समाज को अपनी पहचान को बनाये रखने के लिये सोच में भी परिवर्तन लाना होगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिये अपने सुझाव दिये।

श्रीमति पदमा पांडे अध्यक्ष गोर्खाली महिला कल्याण समिति ने अपने संक्षिप्त संबोधन में गोरखा समुदाय से अपनी संस्कृति व संस्कार के प्रति प्रेम जागरूकता बनाये रखने की अपील की।


शाखा के वार्षिक अधिवेशन में रायवाला शाखा अध्यक्ष टीकाराम थापा, छिद्रवाला शाखा अध्यक्ष के-के-थापा, आशीष थापा, कृष्णा घिमिरे, विजय सिंह, भगवान जोशी, कु-उमा गुरूंग, अजय सिंह थापा, दीपक बिष्ट, सुशील पांडे, शेर बहादुर बिष्ट, हीरा लाल, चन्द्र बहादुर थापा, वेद प्रकाश थापा, रामेश्वर अर्याल, मोहन क्षेत्री, डा-डम्बर प्रसाद पौडेल, विजय शर्मा, गणेश बहादुर थापा, भीम बहादुर बम, जीत बहादुर डांगी, कमल खड़का, सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज करायी शिकायत का नहीं हुआ समाधान

संवाददाता

देहरादून। बरसात के पानी के घरों में भरने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल में दर्ज कराने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका।

आज यहां जोगीवाला हिमाद्रि एवेन्यू लेन न 4 निवासी हरि सिंह रजवार ने बताया कि उसके द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी गली में बरसात में पानी भर रहा है ये पानी गली में भर कर फिर गली में निवास कर रहे लोगो के घरों में भर रहा है। शिकायत दर्ज होने पर केवल फोन



आता है कि आपकी शिकायत को संबंधित विभाग को कारवाई के लिए भेज दिया गया है। इसके बाद आज तक संबंधित विभाग का कोई अधिकारी या फोन नही आया। उसके द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर दो बार शिकायत दर्ज करवा चुका है लेकिन किसी भी विभाग ने कोई सुध नही ली। शिकायत कर्ता ने बताया कि ये पानी जोगीवाला के लेन नम्बर 6 का आ रहा है। पूर्व में ये पानी उनकी गली से लगता खाली प्लॉट से बाहर चला जाता था लेकिन अब उक्त प्लॉट स्वामी ने अपनी दीवार लगा दी गई है तो ये सारा बरसात का पानी उनकी गली से भरकर उनके घरों में आ रहा है। उक्त संबंध में विधायक व क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद को भी जानकारी दी गई है।

# उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का बनाया जा रहा दबावःजोशी

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोश ने कहा कि मंगलौर एवं बद्रीनाथ उपचुनाव में सरकार प्रशासन पर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का दबाव बना रही है।

आज यहां उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंगलौर एवं बद्रीनाथ उपचुनाव में भाजपा सरकार द्वारा स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन, मथुरादत्त जोशी के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिले कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात कर मंगलौर एवं बद्रीनाथ उपचुनाव में भाजपा सरकार द्वारा स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में मथुरादत्त जोशी ने कहा कि 4-बद्रीनाथ एवं 33-मंगलौर विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई 2024 को उपचुनाव सम्पन्न होना है। उपचुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस प्रकार सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करते हुए स्थानीय प्रशासन पर कांग्रेस की चुनावी जनसभाओं को रोकने का दबाव बनाया जा रहा है उससे निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की कतई उम्मीद नहीं की जा सकती है। कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में धनबल एवं बाहुबल का प्रयोग कर उपचुनाव में उत्तर प्रदेश और हरियाणा से आए हुए लोगों का परोक्ष रूप से दखल बढ़ाया गया है तथा स्थानीय प्रशासन सरकार के दबाव में उनकी कोई जांच नहीं कर रहा है और ना ही किसी पर चुनाव आचार संहिता के नियमों के विरूद्ध कार्य करने पर किसी रूप में कार्रवाई की जा रही है।

प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व में भी शिकायत दर्ज की गई है कि मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के अनेक हिस्सों में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के नम्बरों वाली गाडियां जिनमें भाजपा के चुनावी पोस्टर लगे हैं, के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व बाहर से आये हुए नेता वोटरों को प्रभावित करने के लिए शराब व धन को खुले आम बांट रहे हैं, किन्तु चुनाव मे लगी सरकारी मशीनरी व पुलिस प्रशासन द्वारा इन लोगों व वाहनों के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्वाई नहीं की जा रही है। जहां एक ओर मंगलौर में प्रशासन पूरी तरह सत्ता के दबाव में कार्य कर रहा है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी के अलावा प्रदेश महामंत्री याकूब सिद्दिकी, प्रवक्ता शीशपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष जसविन्दर सिंह गोगी, अनुराग मित्तल आदि शामिल थे।



# 3,000 साल पुरानी पद्धति से करें चेहरे का इलाज, मुंहासों से मिलेगा झटपट निजात

मुंहासों से तंग आ चुके हैं और छुटकारा पाना चाहते हैं तो फेस मैपिंग की मदद ले सकते हैं. इससे कुछ ही दिनों में चेहरे से दाने गायब हो सकते हैं. दरअसल, मुंहासे निकलने पर हम सभी हर तरह से समाधान करने की कोशिश करते हैं लेकिन उसका सही कारण न पता होने से समस्या जल्दी खत्म नहीं होती है. कई बार हम त्वचा की गहराईयों तक नहीं पहुंच पाते हैं और इन दानों का सही इलाज नहीं हो पाता है. इसमें फेशियल मैपिंग काफी मददगार हो सकती है. जानिए इसके बारें में...

फेस मैपिंग क्या है

चेहरे पर मुंहासों के घावों के पैटर्न की पहचान फेशियल मैपिंग या फेस मैपिंग (स्न्ड्डष्द्ग रूड्डश्चश्चद्बठ्ठद्द) से की जाती है. एक एक ऐसा तरीका है, जिसमें अंदरुनी कारणों का पता कर सही इलाज चुनने में मदद मिलती है. फेस मैपिंग करीब 3 हजार साल पुरानी त्वचा इलाक की पद्धति है. चेहरे पर एक्ने की समस्या दूर करने के लिए ये प्रक्रिया काफी कारगर मानी जाती है.

वैज्ञानिक तौर पर भी फेस मैपिंग सेहतका हाल-चाल बताते हैं. फेस मैपिंग से चेहरे पर लालिमा, फूड एलर्जी की वजह से चकत्ते, लाइंस, सूजन और झुर्रियों का इलाज किया जा सकता है. इस प्रक्रिया में चेहरे को कम से कम 10 भागों में बांटा गया है.

एक्ने क्यों होता है

एक्सपर्ट्स के अनुसार, जब चेहरे को सही तरह साफ नहीं किया जाता है तो दाने निकलने लगते हैं. इसकी वजह से स्किन के पोर्स ब्लॉक हो जाते हैं. कई बार दूसरी समस्याओं की वजह से भी पिंपल्स निकल आते हैं. शरीर के अंदरूनी हिस्सों में भी कोई प्रॉब्लम होने पर चेहरे पर दाने आ जाते हैं. स्किन एक्सपर्ट्स का मानना है कि स्किन में होने वाली एलर्जी, रेडनेस, एक्ने, दाने या कोई भी प्रॉब्लम कई तरह की बातों पर निर्भर करता है. जैसे एलर्जी, गलत खानपान, तनाव, हार्मोन का असंतुलन, उम्र और जेनेटिक. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेशियल मैपिंग से स्किन पर अलग-अलग हिस्सों पर निकलने वाले दानों के मुख्य वजहों का पता लगाया जा सकता है.

चेहरे के अलग-अलग भाग पर दाने निकलने के कारण

1. 2019 में एक स्टडी के मुताबिक, लाइफस्टाइल में बदलाव की वजह से चेहरे पर कई समस्याएं हो सकती हैं.

2. पाचन सही न होने से चेहरे पर दाने निकल सकते हैं.

3. हेयरलाइन पर दाने निकलने का मतलब है कि आप तनाव में हैं, जिससे टेस्टोस्टेरोन जैसे एंड्रोजेनिक हार्मोन बढ़ रहे हैं और हार्मोन असंतुलित हो रहे हैं.

4. गालों पर दाने निकलने का मतलब है कि सांस की कोई परेशानी है. मतलब रेस्पिरेटरी सिस्टम सही तरह काम नहीं कर रहा है. ऐसे में रोजाना ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें.

5. भौंह, नाक और ठुड्डी पर दाने निकलने का मतलब है कि आपको एलर्जी हो गई है. त्वचा संबंधी कोई समस्या या पचान की दिक्कतें भी इसका कारण हो सकती है. ऐसे मं खानपान में बदलाव करें.

6. नाक पर दाने निकलने का मतलब है कि लिवर और किडनी सही तरह काम नहीं कर रहे हैं. ये दाने ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसे गैर-सूजन वाले घाव की तरह नजर आ सकेत हैं, जो दिल की किसी बीमारी या हाई ब्लड प्रेशर की ओर इशार कर सकते हैं. (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# बालों को रिमूव करने के लिए लेजर ट्रीटमेंट की मदद लें




अधिकतर लोग बालों को रिमूव करने के लिए वैक्सीन और शेविंग का इस्तेमाल करते हैं। इनमें खासकर महिलाएं हर महीने बालों को रिमूव करने के लिए वैक्स का इस्तेमाल करती है। लेकिन क्या आप जानती हैं, लेजर ट्रीटमेंट की मदद से भी आप आसानी से हेयर रिमूव कर सकती हैं।

ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें लेजर हेयर ट्रीटमेंट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। ऐसे में लोग कई गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें बाद में पछतावा होने लगता है। लेकिन आज हम आपको इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताएंगे। आइए जानते हैं उन जरूरी बातों के बारे में।

लेजर हेयर ट्रीटमेंट

शरीर पर अनचाहे बालों को हटाने के लिए लेजर हेयर रिमूवल टेक्निक काफी उपयोगी मानी गई है। यह बाकी तरीकों से बहुत सरल तकनीक है। यही नहीं यह तकनीक बाकी तकनीक के मुताबिक कम दर्द वाली होती है। अगर आपकी त्वचा गोरी है, तो ये आपके लिए काफी उपयोगी माना गया है।



इस तकनीक से अगर आप हेयर रिमूव कराती हैं, तो इससे आपकी स्किन को कम नुकसान होगा। अगर आप अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाना चाहती हैं, तो 3 से 5 बार लेजर हेयर रिमूवल का प्रयोग करें, लेकिन लेजर हेयर रिमूवल किन लोगों को और किस समय नहीं करना चाहिए, यह जानना बहुत जरूरी होता है। आइए जानते हैं क्यों प्रेगेंसी में लेजर हेयर रिमूवल नहीं करना चाहिए।

प्रेगेंसी में लेजर हेयर रिमूवल

जानकारी नहीं होने की वजह से अवसर प्रेग्नेंट महिलाएं भी लेजर हेयर ट्रीटमेंट करने पहुंच जाती है। लेकिन प्रेगनेंसी के वक्त ऐसा नहीं करना चाहिए, इससे बच्चों को खतरा रहता है। इसलिए लेजर हेयर ट्रीटमेंट करने से पहले प्रेग्नेंट महिलाएं डॉक्टर की सलाह जरूर लें। इस ट्रीटमेंट के बाद बालों की ग्रोथ लंबे समय तक नहीं आती है, हेयर रिमूवल के लिए करीब 6 ट्रीटमेंट लेने होते हैं, जब जाकर यह पूरे तरीके से काम करता है।

स्किन कैंसर वाले बचें

जब भी आप हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट करने जाए, तो ध्यान रहे की टैटू वाले एरिया पर लेजर हेयर ट्रीटमेंट भूल कर भी ना करवाएं, इससे स्कीम जलने का खतरा बना रहता है, जिन्हें स्किन कैंसर का खतरा है, उन्हें भी लेजर हेयर ट्रीटमेंट से बचना चाहिए। इसके अलावा अगर आप एक्ने ट्रीटमेंट के लिए दवाइयों का सेवन करती हैं, तो भी लेजर ट्रीटमेंट ना करें।

सेंसेटिव स्किन वाले बचें

हर व्यक्ति की स्किन अलग-अलग होती है, ऐसे में कुछ लोगों को लेजर हेयर रिमूवर तकनीक सूट कर जाती है, तो वहीं कुछ लोगों को इससे रिएक्शन भी हो सकता है। लेजर हेयर रिमूवल के बाद कुछ लोगों की त्वचा पर पपड़ी आने की समस्या होती है। कई बार तो लोगों की स्किन के रंग में बदलाव भी दिखने लगता है। इसलिए जिन लोगों की सेंसेटिव स्किन है, उन्हें लेजर हेयर रिमूवल से बचना चाहिए।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -135


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।


**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |



# रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स फिल्म सिंघम अगेन में अर्जुन कपूर की एंट्री

रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी और अजय देवगन स्टारर फिल्म सिंघम अगेन सिनेमा लवर्स के लिए एक बार फिर धमाकेदार एक्सपीरियंस लेकर आ रही है। इस सीक्वल का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि सिंघम और सिंघम रिटर्न्स की सफलता के बाद यह फिल्म रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रही है। हाल ही में सिंघम अगने की रिलीज डेट का एलान किया गया था। वहीं, पिछले माह फिल्म से अर्जुन कपूर का नया पोस्टर रिलीज किया।

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में अर्जुन कपूर की भी एंट्री हो गई है। सिंघम अगेन में वो विलेन के किरदार में नजर आएंगे। सिंघम अगेन रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का एक और बेहतरीन अध्याय साबित होने सकती है। रोहित शेट्टी भी फिल्म को लेकर कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं। रिलीज के पहले वो लगातार फिल्म से जुड़ी अपडेट फैंस को दे रहे हैं। अब अर्जुन कपूर के बर्थडे पर भी उन्होंने फिल्म से एक्टर का लुक शेयर किया है, जिसमें एक्टर के चेहरे और हाथ पर खून लगा हुआ, लेकिन उनके चेहरे पर डरा देने वाली हंसी है।

सिंघम अगेन की कहानी एक बार फिर से ईमानदार और निडर पुलिस अधिकारी बाजीराव सिंघम के इर्द-गिर्द घूमेगी। इस बार सिंघम को और भी बड़े और खतरनाक दुश्मनों का सामना करना पड़ेगा। फिल्म में अजय देवगन का दमदार एक्शन और उनका वही पुराना अंदाज दर्शकों को एक बार फिर से मंत्रमुग्ध करेगा। अब देखना यह है कि सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर क्या नया रिकॉर्ड बनाती है और कितनी सफलता प्राप्त करती है।

सिंघम अगेन में अजय देवगन और अर्जुन कपूर के साथ- साथ करीना कपूर खान भी नजर आएंगी, जिन्होंने पहले भी सिंघम रिटर्न्स में अहम भूमिका निभाई थी। इनके अलावा फिल्म में रणवीर सिंह भी अपने सिंबा वाले किरदार में दिखेंगे। वहीं, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ फिल्म में सरप्राइज पैकेज होंगे। सिंघम अगेन में जबरदस्त एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा का तडका होगा, जो दर्शकों को सीट से बांध कर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन का प्रोडक्शन बड़े पैमाने पर किया गया है। फिल्म के पोस्टर्स ने पहले ही सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। दमदार एक्शन, रोमांचक कहानी और शानदार अभिनय के साथ ये फिल्म दर्शकों को एक बार फिर से सिनेमाघरों में लौटने पर मजबूर कर सकती है। सिंघम अगेन इस साल दीवाली के मौके पर रिलीज होगी। हालांकि, रिलीज डेट अभी रिवील नहीं की गई है।

# विजय एंटनी की काव्यात्मक एक्शन फिल्म तूफ़ान का दूसरा सिंगल वेतिहका नेने ना रिलीज़ हुआ

हीरो विजय एंटनी की नवीनतम फिल्म तूफ़ान है। कमल बोरा, डी. ललिता, बी. प्रदीप और पंकज बोरा इस फिल्म को इन्फिनिटी फिल्म वेंचर्स के बैनर तले बना रहे हैं। इस कंपनी ने पहले राघवन और हथिया का निर्माण किया था, जिसमें विजय एंटनी भी मुख्य भूमिका में हैं। निर्देशक विजय मिल्टन तूफ़ान को एक काव्यात्मक एक्शन एंटरटेनर के रूप में बना रहे हैं। फिल्म तूफ़ान जल्द ही एक भव्य थिएटर रिलीज़ के लिए लाई जाएगी।

पिछले दिनों दूसरा सिंगल वेतिहका नेने ना रिलीज़ किया गया। भाष्यश्री ने वेतिहका नेने ना गीत के बोल लिखे हैं, जिसे माश्मी नेहा ने गाया है और हरि दफुसिया ने संगीतबद्ध किया है। इस गीत में विचारोत्तेजक बोल हैं जो सभी को जोड़ेंगे। यह गीत फिल्म तूफ़ान में एक विशेष आकर्षण होगा। विजय एंटनी, सरथ कुमार, सत्यराज, दाली धनुंजया, मेघा आकाश, मुरली शर्मा, पृथ्वी अंबर, शरण्या पोनवन्नन, थलाइवासल विजय, और अन्य। (आरएनएस)

# श्रद्धा दास का लेडी बॉस लुक फैंस को कर रहा इंप्रैस



साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रद्धा दास अपने हॉट लुक से फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ती हैं। वो आए दिन अपने फोटोज से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने इंस्टाग्रम पर अपुनी ग्लैमरस फोटोज शेयर कर के इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है।

एक्ट्रेस श्रद्धा दास अपनी हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर लोगों को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर करती हैं तो अक्सर लोगों के बीच बवाल मच जाता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ बेहद ही स्टनिंग फोटोज फेंस के बीच शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने ब्लू कलर की कोट-पैंट पहनी हुई है, जिसमें वो क्लासी नजर आ रही हैं। बालों को ओपन कर के और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस हर बार अपने लुक से फैंस के बीच कहर बरपाती रहती हैं। उनकी स्टनिंग अवतार अक्सर फैंस के होश उड़ा देता है। गले में सिंपल सा नेकलेस, आखों में काजल और न्यूड शेड लिपस्टिक लगाकर एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस अपने हर लुक से फैंस के बीच बवाल मचाती रहती हैं,चाहे वो इंडियन लुक हो या फिर वेस्टर्न लुक उनका हर एक लुक फैंस के बीच छा जाता है। (आरएनएस)

# फिल्म एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी: गोधरा 12 जुलाई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

साल 2००2 में गुजरात के गोधरा कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना की पृष्ठभूमि पर अब तक चांद बुझ गया, परजानिया, फिराक जैसी फिल्में और डाक्यूमेंट्री फिल्में बन चुकी है। अब 22 साल बाद इस घटना पर एक और फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी-गोधरा है। पिछले दिनों निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया है, जिसमें गोधरा कांड की झलक देखने को मिली।

फिल्म एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी-गोधरा के टीजर को शरद केलकर ने अपनी आवाज दी है। इस फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 12 जुलाई, 2०24 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

एक्सीडेंट ऑर कॉन्सपिरेसी-गोधरा का निर्देशन एमके शिवाक्ष ने किया है, जबकि बीजे पुरोहित और रामकुमार पाल इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म में रणवीर शौरी, मनोज जोशी और हितू कनोडिया जैसे सितारे अभिनय करते नजर आएंगे।

निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, गोधरा टीजर अब आपका है। यह दुर्घटना थी या साजिश, हमें कमेंट में जरूर बताएं।गोधरा- एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी गोधरा कांड की जांच के लिए गठित नानावती-मेहता आयोग की रिपोर्ट पर आधारित फिल्म है।फिल्म में गोधरा कांड की सच्चाई से रूबरू कराया जाएगा। (आरएनएस)

# राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 15 अगस्त को होगी रिलीज



स्त्री के सीक्वल की घोषणा के बाद से ही फैंस बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि दूसरे भाग में चंदेरी में क्या होने वाला है। पहले भाग ने दर्शकों को इस मुकाम पर पहुँचा दिया कि हर कोई सिर्फ़ यही अनुमान लगा रहा है कि श्रद्धा कपूर असल में स्त्री हैं या नहीं। खैर, मुंज्या के साथ सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया था। फिल्म में राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी की वापसी देखने को मिलेगी।

टीज़र में देखा जा सकता है कि चंदेरी शहर में स्त्री की नई विशाल मूर्ति के उद्घाटन से होती है। मूर्ति के नीचे, 'ओ स्त्री रक्षा कर्ण' लिखा हुआ देखा जा सकता है। अगले फ्रेम में, हम असली गैंग राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी को एक साथ देखते हैं। एक फ्रेम में उनकी मौजूदगी ही आपको आगामी फ़िल्म के लिए उत्साहित कर देगी। रश के बाद कई डरावने सीन दिखाए गए और अंत में श्रद्धा कपूर गंभीर रूप में दिखाई दीं।

टीजर में तमन्ना भाटिया का सेक्सी अवतार भी देखने को मिला। ऐसा लग रहा है कि वह एक धमाकेदार डांस नंबर के लिए कैमियो करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रश में मुख्य जोड़ी श्रद्धा और राजकुमार के बीच कुछ प्यारे पल भी देखने को मिल सकते हैं।

स्त्री आपकी स्क्रीन पर फिर से धमाल मचाने और आपको गुदगुदाने के लिए तैयार है, मेकर्स - जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान ने अपने बहुप्रतीक्षित सीक्वल का टीजर जारी कर दिया है। 2०18 की फिल्म स्त्री की अभूतपूर्व सफलता के बाद, जियो स्टूडियो और दिनेश विजान बहुप्रतीक्षित और बहुप्रतीक्षित सीक्वल स्त्री 2 लाने के लिए तैयार हैं। अमर कौशिक द्वारा डायरेक्ट यह फिल्म डरावनी लेकिन प्रफुल्लित करने वाली दुनिया में वापसी का वादा करती है, जहां पौराणिक स्त्री पुरुषों को डराती रहती है।

यह फिल्म पहले 14 जून को रिलीज होने वाली थी, अब स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को स्क्रीन पर आएगी।(आरएनएस)

# सबके लिए त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित हैं नये आपराधिक कानून

डॉ. मोहन यादव

भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन और सुधार एक महत्वपूर्ण विषय है, जो समाज की बदलती आवश्यकताओं और न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समय-समय पर किया जाता है। हाल ही में, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानूनों को संसद में पारित किया गया। अब एक जुलाई 2०24 से पूरे देश में यह लागू हो रहा है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह ने संसद में कानून को पेश करते हुए कहा कि खत्म होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेज़ी शासन को मज़बूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे । इनका उद्देश्य दंड देने का था, न की न्याय देने का। तीन नए कानून की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान में दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना, इनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि न्याय देना होगा।

पुराने कानूनों में गुलामी की बू आती थी। ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे क्योंकि इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था और हमने सिर्फ इन्हें अपनाया था। इन कानूनों में पार्लियामेंट ऑफ यूनाइटेड किंगडम, प्रोविंशियल एक्ट, नोटिफिकेशन बाई द क्राउन रिप्रेज़ेन्टेटिव, लंदन गैज़ेट, ज्यूरी और बैरिस्टर, लाहौर गवर्नमेंट, कॉमनवेल्थ के प्रस्ताव, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड पार्लियामेंट का ज़िक्र है। इन कानूनों में हर मैजेस्टी और बाइ द प्रिवी काउंसिल के रेफेरेंस दिए गए हैं, कॉपीज़ एंड एक्सट्रैक्ट्स कंटेट इन द लंदन गैज़ेट के आधार पर इन कानूनों को बनाया गया, पज़ेशन ऑफ द ब्रिटिश क्राउन, कोर्ट ऑफ जस्टिस इन इंग्लैंड और हर मैजेस्टी डॉमिनियन्स का भी ज़िक्र इन कानूनों में कई स्थानों पर है। अच्छी बात यह कि गुलामी की निशानियों को पूरी तरह मिटा दिया गया है। जिसके तहत 475 जगह गुलामी की निशानियों को समाप्त कर दिया गया है। हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत समय लगता है, कई बार न्याय इतनी देर से मिलता है कि न्याय का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है, लोगों की श्रद्धा उठ जाती है और अदालत में जाने से डरते हैं। इन कानूनों को बनाने के पीछे बहुत लंबी प्रक्रिया रही है। इन कानूनों को आज के समय के अनुरूप बनाने में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अगस्त, 2०19 में सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और देश के सभी कानून विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे थे। वर्ष 2०2० में सभी, महामहिम राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और सांसदों एवं संघ-शासित प्रदेशों के महामहिम प्रशासकों को पत्र लिखे गए। इसके बाद व्यापक परामर्श के बाद ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। इसके लिए 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 27० विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं। यह प्रक्रिया सरल नहीं थी, काफी मेहनत की गई बीते 4 सालों में। खूब विचार विमर्श किया गया है।

इन कानूनों में क्या बदलाव हुआ है, इस पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बताया कि आज तक आतंकवाद से परिचित सभी थे लेकिन आतंकवाद की परिभाषा, व्याख्या नहीं थी। अब ऐसा नहीं रहेगा। अब अलगाव, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववाद, भारत की एकता, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने जैसे अपराधों की पहली बार इस कानून में व्याख्या की गई है। इससे जुड़ी संपत्तियों को ज़ब्त करने का अधिकार भी दिया गया है। जांचकर्ता पुलिस अधिकारी के संज्ञान पर कोर्ट इसका आदेश देगा। गौरतलब है कि अनुपस्थिति में ट्रायल के बारे में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला किया है। सेशंस कोर्ट के जज द्वारा प्रक्रिया के बाद भगोड़ा घोषित किए गए व्यक्ति की अनुपस्थिति में ट्रायल होगा और उसे सज़ा भी सुनाई जाएगी, चाहे वो दुनिया में कहीं भी छिपा हो। उसे सज़ा के खिलाफ अपील करने के लिए भारतीय कानून और अदालत की शरण में आना होगा।

इन कानूनों में अत्याधुनिकतम तकनीकों को समाहित किया गया है। दस्तावेज़ों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है, जिनसे अदालतों में लगने वाले कागज़ों के अंबार से मुक्ति मिलेगी। इस कानून को डिजिटलाइज किया गया है, यानी एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज़ करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। अभी सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग (ष्व्हशह्यह्य ह्हद्दह्यह्लद्बशठ्ठद्बठ्ठद्द) सहित, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव होगी। शिकायतकर्ता और गवाहों का परीक्षण, जांच-पड़ताल और मुक़दमे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग और उच्च न्यायालय के मुक़दमे और पूरी अपीलीय कार्यवाही भी अब डिजिटली संभव होगी। सर्च और ज़ब्ती के समय वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है, जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष नागरिकों को फंसाया नहीं जा सकेगा। पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी।

आजादी के 75 सालों के बाद भी दोष सिद्धि का प्रमाण बहुत कम है। यही कारण है कि मोदी सरकार ने फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा देने का काम किया है। तीन साल के बाद हर साल 33 हज़ार फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स देश को मिलेंगे। साथ ही श्री अमित शाह ने लक्ष्य रखा है कि दोष सिद्धि के प्रमाण को 9० प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि 7 वर्ष या इससे अधिक सज़ा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम की विजिट को अनिवार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार मोबाइल फॉरेंसिक वैन का भी अनुभव किया जा चुका है। दिल्ली इसका उदाहरण है। दिल्ली में इसका सफल प्रयोग किया गया। इसके तहत 7 वर्ष से अधिक सज़ा के प्रावधान वाले किसी भी अपराध के स्थल पर फॉरेंसिक साइंस लैबरोटरी (एफएसएल) की टीम पहुंचती है। इतना ही नहीं मोबाइल एफएसएल को भी लॉन्च किया गया। बता दें कि यह संकल्पना पूर्ण रूप से सफल है। यही वजह है कि अब हर ज़िले में 3 मोबाइल एफएसएल रहेंगी और अपराध स्थल पर जाएंगी।

यौन हिंसा के मामले में भी पहले के कानून में फेर-बदल किया गया है। इसके अंतगर्त यौन हिंसा के मामले में पीड़ित का बयान अनिवार्य कर दिया गया है और यौन उत्पीडऩ के मामले में बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी अब अनिवार्य कर दी गई है। पुलिस को 9० दिनों में शिकायत का स्टेटस और उसके बाद हर 15 दिनों में फरियादी को स्टेटस देना अनिवार्य होगा। पीड़ित को सुने बिना कोई भी सरकार 7 वर्ष या उससे अधिक के कारावास का केस वापस नहीं ले सकेगी, इससे नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी। कोर्ट अब आरोपित व्यक्ति को आरोप तय करने का नोटिस 6० दिनों में देने के लिए बाध्य होंगे। बहस पूरी होने के 3० दिनों के अंदर माननीय न्यायाधीश को फैसला देना होगा, इससे सालों तक निर्णय लंबित नहीं रहेगा और फैसला 7 दिनों के अंदर ऑनलाइन उपलब्ध कराना होगा।पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2०23, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2०23 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2०23 – पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है। पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने धार्मिक कट्टरवाद और आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाया है। आतंकवाद और उग्रवाद को लेकर सरकार की शून्य-सहिष्णुता नीतियों और कार्यों के कारण ये ताकतें अब रक्षात्मक मुद्रा में हैंइस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने यूएपीए समेत संबंधित अधिनियमों में आवश्यक संशोधन किए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को विदेशों में भारतीयों और भारतीय हितों से संबंधित आतंकी अपराधों की जांच करने का अधिकार दिया गया है। नए आपराधिक कानूनों ने अनुपस्थिति में मुकदमे की अनुमति देकर इस बदलाव को और मजबूत किया है।

*लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री है*

## सू- दोकू क्र.135

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.134 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# स्पीकिंगक्यूब ऑनलाइन मेंटल हेल्थ कंसल्टिंग फाउंडेशन ने किया सेमिनार अयोजित

देहरादून (कासं)। स्पीकिंगक्यूब ऑनलाइन मेंटल हेल्थ कंसल्टिंग फाउंडेशन ने स्पेक्स और ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, विज्ञान और विशेष शिक्षा का एकीकरण विषय पर सेमिनार अयोजित किया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि, राज्य मंत्री श्रीमती मधु भट्ट ने विशेष आवश्यकताओं, विशेष बच्चों और जीवन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर अपने विचार साझा किए।




मेजर अनुपा कैरी, निदेशक पेरिनाटल मेंटल हेल्थ और मनोवैज्ञानिक, स्पीकिंगक्यूब ने सत्र की शुरुआत की। डॉ. शांता कुमार नेगी, विजिटिंग फैकल्टी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने मंत्रोच्चारण के साथ कार्यवाही शुरू की। इसके बाद सत्र की कमान स्पीकिंगक्यूब की संस्थापक और निदेशक डॉ. दीपिका चमोली शाही को सौंपी गई, जिन्होंने संगठन और सेमिनार के बारे में चर्चा की।

उत्तरांचल विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड इनोवेशन के डीन डॉ. राजेश ने कुछ नवाचारों, शोधों को साझा किया और बताया कि कैसे हम अनुसंधान और नवाचार को उत्कृष्ट बना सकते हैं और वैश्विक पहुंच बढ़ा सकते हैं।

डॉ. बृजमोहन शर्मा, स्पेक्स के संस्थापक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए परियोजना के बारे में चर्चा की, जो स्पेक्स और स्पीकिंगक्यूब का संयुक्त प्रयास है। डॉ. बृज ने प्रत्येक मनोवैज्ञानिक से अनुरोध किया कि वे एक विशेष बच्चे को गोद लें और उन पर एक वर्ष तक काम करें ताकि वे अपना जीवन शान एवं स्वतंत्र रूप से जी सकें। स्पीकिंगक्यूब और स्पेक्स इसके लिए अपना समर्थन देंगे।

आंध्र प्रदेश से एनआरआई अकादमी के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. राजकिरण, डोंथु ने विशेष बच्चों के प्रबंधन में एआई के उपयोग के बारे में चर्चा की।

स्मार्ट सर्किट के संस्थापक सौरभ कौशल ने स्टेम गतिविधियों के बारे में चर्चा की और बताया कि कैसे एसटीईएम गतिविधियां एक विशेष बच्चे के विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ा सकती हैं।

डीएनए लैबोरेटरीज, देहरादून के संस्थापक डॉ. नरोत्तम ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के महत्व को दोहराया और अपना समर्थन दिया। डॉ. मोहम्मद अमीन वानी, सहायक प्रोफेसर, एलपीयू ने विशेष शिक्षा में शोध की आवश्यकता के बारे में चर्चा की। डॉ. निधि वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर साइकोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा और विशेषज्ञ स्पीकिंगक्यूब ने विशेष आवश्यकताओं और विशेष शिक्षा के लिए नीतियों के बारे में चर्चा की। पंकज छेत्री ने क्रिएटिव टीम के सदस्य को सम्मानित किया।

मेजर अनुपमा ने सेमिनार को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथियों, प्रतिष्ठित वक्ताओं, प्रतिभागियों और टीम स्पीकिंगक्यूब को धन्यवाद दिया गया। डॉ. दीपिका चमोली शाही, स्पीकिंगक्यूब की संस्थापक और निदेशक, सहायक संकाय (ऑनलाइन) दक्षिणी न्यू हैम्पशायर और सेंट लियो यूनिवर्सिटी ने मंच पर उपस्थित सभी लोगों को ध न्यवाद दिया। राज्य मंत्री मधु भट्ट ने, डॉ. राजेश सिंह, डीन रिसर्च एंड इनोवेशन, उत्तरांचल यूनिवर्सिटी, डॉ. रूमाना सिद्दीकी, प्रोफेसर एएमयू, डॉ. हरप्रीत भाटिया, प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी, श्रीमती नारायणी देब भोवाल, गुवाहाटी, डॉ. मोहम्मद अमीन वानी, एलपीयू, डॉ. राजकिरण डोंथु, एनआरआई अकादमी और डॉ. आकाश द्विवेदी, केंद्रीय विश्वविद्यालय तेजपुर को अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होंगेः माहरा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होंगे। आज यहां कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि जहां बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश की जनता पर जबरन थोपे गये उपचुनाव के लिए जनता भाजपा के प्रत्याशी को हराकर जवाब देगी वहीं मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन द्वारा अपने कार्यकाल में कराये गये विकास कार्यों के बल पर विजयी होंगे। अग्निवीर जैसी योजनायें चलाकर बेरोजगारों की आशाओं पर कुठाराघात किया जा रहा है। ईडी, सीबीआई जैसी देश की संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किया जा रहा है तथा कांग्रेस सहित अन्य दलों के जो लोग इन संस्थाओं के डर से भाजपा में शामिल हुए हैं यह उसका जीता जागता उदाहरण है। करन माहरा ने कहा कि पिछले 10 वर्ष के शासन काल में सबसे अधिक उत्पीड़न देश के अन्नदाता का हुआ है। संसद में संख्याबल के आधार पर संसदीय प्रणाली व प्रजातंत्र को धता बताते हुए किसान विरोधी तीन काले कानून पारित किए गए, किसान इन काले कानूनों के खिलाफ लगातार दो साल से आवाज उठाते रहे इस आन्दोलन में लगभग 800 किसानों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। सरकार द्वारा अन्नदाता किसान की बात सुनना तो दूर, संसद में उनके नुमाईंदो की आवाज को दबाने तथा सत्ता के बल पर सड़क पर आन्दोलनरत किसानों को गाडी से कुचल कर निर्मम हत्या जैसे जघन्य अपराध किये गये। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी सहित विपक्ष के भारी जन दबाव में सरकार को काले कानून वापस लेने पड़े। एक तरफ भाजपा सरकार बार-बार किसानों की आय दुगनी करने के बड़े-बडे ढोल पीटती है परन्तु किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम देने के लिए एम.एस.पी. लागू करने की मांग नहीं मानी गई। उर्बरक खाद के बोरे का वनज घाटा कर 50 किलो के स्थान पर 40 किलो कर किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है। माहरा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सत्ता के बल पर डराया जा रहा है। कई साल पुराने केसों में उलझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बद्रीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें तथा कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनायें।

# मोबाइल चोरी की अलग-अलग घटनाओं का खुलासा, एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। मोबाइल चोरी की अलग-अलग घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल भी बरामद हुए है। जानकारी के अनुसार बीते दिनो कोतवाली पटेलनगर में अलग-अलग पीड़ितो द्वारा अपने कार्यालय व निरंजन पुर मण्डी से अपने मोबाइल फोन चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को आज सुबह सूचना मिली कि उक्त चोरियों में शामिल आरोपी सब्जी मण्डी के पीछे खाली ग्राउंड में बैठा हुआ है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर छापेमारी करते हुए उस व्यक्ति को दबोच लिया गया। जिसके पास से चुराये गये तीन मोबाइल फोन बरामद किये गये है। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष पुत्र साधू राम निवासी इटियोठोक, थाना इटियोठोक, जनपद गोण्डा, उत्तर प्रदेश,बताया। बताया कि उसने 25 अप्रैल को जीएमएस रोड व 7 जुलाई को सब्जी मण्डी से यह मोबाइल फोन चोरी किये है।

# 7 इंस्पेक्टरों सहित 14 के तबादले, चन्द्रभान बने शहर कोतवाल

संवाददाता

देहरादून। एसएसपी अजय सिंह ने 7 इंस्पेक्टरों व सात सब इंस्पेक्टरों के तबादले कर चन्द्रभान अधिकारी को शहर कोतवाल बनाया।

आज यहां एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी अजय सिंह ने सात निरीक्षको व सात उप निरीक्षकों के तबादले करते हुए एसओजी प्रभारी चन्द्रभान अधिकारी को शहर कोतवाल बनाया। इसके साथ ही शहर कोतवाल कैलाश चन्द भटट को कैण्ट कोतवाली प्रभारी, गिरीश चन्द शर्मा को कैण्ट कोतवाली प्रभारी से प्रभारी साइबर सैल, राकेश गुसांई को डालनवाला प्रभारी से पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय, मनोज मैनवाल को साइबर सैल से प्रभारी निरीक्षक डालनवाला, शंकर सिंह बिष्ट को प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश से प्रभारी एसओजी देहात, कुन्दन राम को थानाध्यक्ष रायपुर से एसओजी नगर, प्रदीप नेगी को एसएसआई डालनवाला से थानाध्यक्ष रायपुर, वैभव गुप्ता को थानाध्यक्ष कालसी से एसएसआई सहसपुर, गुमान सिंह नेगी को एसएसआई रायपुर से एसएसआई डालनवाला, भुवन चन्द पुजारा को एसएसआई सहसपुर से थानाध्यक्ष कालसी, आशीष कुमार को चौकी प्रभारी धारा से प्रभारी फील्ड यूनिट पुलिस कार्यालय हर्ष अरोडा को चौकी प्रभारी कुल्हाल से चौकी प्रभारी धारा बनाया गया। सभी को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये।

# मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में गौला नदी से हुए भू-कटाव का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हल्द्वानी में गौला नदी से हुए भू-कटाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग को गौला नदी के 500 मीटर भाग में चौनलाइजेशन, वायर क्रेट और सुरक्षात्मक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी नैनीताल को निर्देश दिये कि हल्द्वानी स्थित अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम को भू-कटाव से बचाव के लिए सुरक्षात्मक उपायों के लिए ठोस नीति बनाकर कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए शासन स्तर जो भी वित्तीय स्वीकृति के लिए आवश्यकता होगी, शीघ्र उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में सुनियोजित विकास के नाम पर हो रहे निर्माण से किसी अन्य भौगोलिक, प्राकृतिक संरचना को कोई खतरा न हो, इसके लिए निकासी योजना को प्राथमिकता देते हुए योजना का क्रियान्वयन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मानसून सीजन में आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सभी अधिकारी 24 घण्टे अलर्ट मोड पर रहें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से होने वाले प्रभावों को न्यून करना हम सबका दायित्व है, इसके लिए सभी विभाग अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में निरंतर पेयजल, विद्युत, सड़क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। किसी भी क्षेत्र में अतिवृष्टि की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल टीम को भेजकर यथासंभव राहत बचाव कार्य किये जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राहत एवं बचाव कार्यों के लिए प्रभावितों को मौके पर ही राहत सामग्री और अनुमन्य राशि दी जा सके।

जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा दीर्घालिक कार्यों के लिए 200 मीटर के भू कटाव से रोकथाम की 02 करोड़ 60 लाख लागत की डीपीआर शासन को भेजी गई है, जो कि स्वीकृति के चरण पर है। अतिवृष्टि के कारण अब लगभग कुल 600 मीटर का भू कटाव हो गया। अतिरिक्त 400 मीटर भाग की डीपीआर शीघ्र तैयार कर शासन को भेजी जा रही है।

इस अवसर पर विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड मंडी के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी एन मीणा एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का करेंगे निस्तारण

कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी के निर्देशन में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय अधिकारी जनपद के गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इसके साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से भी ग्रामीणों को अवगत कराएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि जनपद के विभिन्न ग्रामों में अधिकारियों हेतु माह जुलाई, 2024 का रोस्टर जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अपर जिला अधिकारी श्याम सिंह राणा विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत कर्णधार में ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इसी तरह प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत कोट में तथा परियोजना निदेशक विमल कुमार सांदर गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

उन्होंने बताया कि विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत जवाड़ी में जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, बीरोंदेवल में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र सिंह बिष्ट, उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया पालाकुराली में उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला विकासखंड ऊखीमठ के उषाड़ा गांव में, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल विकासखंड जखोली के सेम गांव में तथा प्र. जिला सूचना अधिकारी रती लाल मोसड़ गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निदान करने हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करेंगे। इस तरह माह जुलाई हेतु कुल 44 जनपद स्तरीय अधिकारी विभिन्न गांवों में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे।

उन्होंने सभी अधिकारियों को उनको आवंटित गांव का भ्रमण कर भौतिक स्थलीय निरीक्षण के साथ ही संबंधित ग्राम में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित कार्यों की आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने 20 कर्मिकों को किया पुरस्कृत

संवाददाता

टिहरी। एसएसपी नवनीत सिंह ने क्राइम मीटिंग में 20 कर्मिको को इम्पलाइज ऑफ द मंथ से पुरस्कृत किया।

आज यहां नवनीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा पुलिस लाईन चम्बा में मासिक अपराध सम्मेलन का आयोजन कर सुना कार्मिकों की समस्याओं को। तदोपरान्त एसएसपी द्वारा विशिष्ट/सराहनीय कार्य करने वाले 20 कार्मिकों को 'इम्पलाइज ऑफ द मंथ' घोषित कर नगद धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित दिशा निर्देश जारी किए गए। क्राईम मीटिंग से पहले सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्मिकों की समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के आदेश निर्गत किये गये। नाबालिकों द्वारा वाहन चलाने पर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। जनपद में लगी विभिन्न गादों को चैक करने हेतु निर्देशित किया गया। अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत सघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री करने, अवैध खनन माफिया, अवैध शराब का कारोबार करने वालों/ होटल व ढाबों में अवैध रुप से लोगों को शराब पिलाने व बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशत किया गया। एसएसपी द्वारा विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारित करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। एसएसपी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ब्ळ के सदस्यों एवं आम जनमानस के साथ जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर नये कानून की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। एसएसपी द्वारा मानसूनी सीजन के चलते पुलिस कंट्रोल रुम के क्रर्मिकों को आदेशित किया गया कि जनपद में कहीं भी रोड़ ब्लॉक होने पर सूचना शीघ्र प्रसारित करेंगे। मासिक अपराध गोष्ठी में जेआर जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक, जेष्ठ अभियोजन अधिकारी, श्याम सिंह तोमर, शासकीय अधिवक्ता स्वराज सिंह पंवार, आरआई पुलिस लाईन, वाचक एसएसपी, एवं जनपद मुख्यालय के थाना प्रभारी/समस्त शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

## एक नजर

# किसान आंदोलन में मारे गए शुभकरन के परिवार को मान ने 1 करोड़ का चेक सौंपा

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसान आंदोलन में मारे गए शुभकरन सिंह (22 वर्ष) के परिवार को 1 करोड़ का चेक सौंपा है। सीएम मान ने परिवार को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र भी दिया है। दरअसल, पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर इसी साल फरवरी में किसानों का विरोध-प्रदर्शन चल रहा था। पुलिस झड़प के दौरान शुभकरण सिंह की खनुआरी बॉर्डर पर मौत हो गई थी। किसानों ने आरोप लगाया था कि पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने से शुभकरण की मौत हो गई थी। हालांकि, पुलिस ने बॉर्डर पर किसी प्रदर्शनकारी की मौत की पुष्टि नहीं की थी। शुभकरण बठिंडा के बलोके गांव का रहने वाला था। उसके परिवार में दो बहनें, एक दादी और उसके पिता चरणजीत सिंह हैं, जो स्कूल वैन ड्राइवर के तौर पर काम करते हैं। शुभकरण पशुपालन का काम भी करते थे। युवा



किसान के पास करीब 3 एकड़ जमीन थी और कुछ मवेशी भी थे। घटना के वक्त पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुभकरण की मौत पर शोक जताया था और आश्वासन दिया कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को सीएम मान ने ट्वीट किया और लिखा, किसान आंदोलन के दौरान खनौरी बॉर्डर पर गोली लगने से युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी। किसान के परिवार से मुलाकात की। वादे के मुताबिक परिवार को 1 करोड़ रुपए का चेक दिया और सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र। किसानों की अपनी सरकार हर दुख-सुख में किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और खड़ी रहेगी।

# भारी मात्रा में स्मैक व इलेक्ट्रानिक तराजू सहित तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नशा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से 29.15 ग्राम स्मैक व इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीती शाम कोतवाली ज्वालापुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक व्यक्ति नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को लालपुल नहर पटरी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 29.15 ग्राम स्मैक व इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू कुमार पुत्र बाबू राम निवासी मोहल्ला रामपुर निकट रविदास मन्दिर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, 4 की मौत, 12 घायल

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक्सप्रेसवे पर एक प्राइवेट बस को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बस में सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद




पुलिस मौके पर पहुंची उसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच और पूछताछ किये। बताया जा रहा है दिल्ली से 60 यात्रियों को लेकर एक प्राइवेट बस मंगलवार को सिवान जा रही थी। अलसुबह करीब 2:30 -3 बजे के आसपास बस अमेठी जनपद के शुकुल बाजार में पहुंची थी इसी दौरान सामने खड़ी ट्रक को बस चालक नहीं देख पाया। बताया जा रहा है कि बस की रफ्तार अधिक होने के चलते सामने खड़ी ट्रक को देखकर चालक कंट्रोल नहीं कर पाया और ट्रक में पीछे से उसने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बस में सवार यात्री चीखने चिल्लाने लगे। घटना के बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और बस में फंसे लोगों को बाहर निकालने के साथ ही पुलिस को सूचना दिए। हादसे में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी हालांकि उनकी पहचान नहीं हो पाई। जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गया और घटना की जांच पड़ताल कर रहे हैं।

# सीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा

## ❑सितारगंज, टीमा, टनकपुर, हल्द्वानी व लाल कुआं में चारों ओर पानी ही पानी





विशेष संवाददाता

देहरादून। राज्य में हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राज्य का कुमाऊँ मंडल इस बारिश से सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। बागेश्वर, चंपावत, उधमसिंहनगर व नैनीताल में भारी बारिश के कारण जहां रिहायशी इलाकों में जल भराव से लोगों की जान पर बन आयी है, वहीं तराई और भावर का 80 किलोमीटर क्षेत्र का दायरा जलमग्न होने से बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। जिससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज इस सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र का हवाई दौरा कर स्थिति का जायजा लिया वही वह हल्द्वानी व नैनीताल के कुछ हिस्सों में सड़क मार्ग से भी पहुंचे और हालात की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों को जल्द सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाएं व उनके रहने खाने की व्यवस्था करें। सीएम ने कहा कि बीते तीन-चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण टनकपुर, नानकमत्ता, सितारगंज व खटीमा क्षेत्र में हालत बहुत ज्यादा खराब है। सीएम के गांव व घर के

**❑सैकड़ों लोगों को किया गया रेस्क्यू**
**❑हजारों बीघा फसल को भारी नुकसान**
**❑सीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश**

नजदीक की बस्ती तक पानी पहुंच चुका है। बीते 24 घंटों में हल्द्वानी में सर्वाधिक 206 एमएम बारिश रिकार्ड की गई है।

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन का कहना है कि 24 घंटे बचाव राहत कार्य जारी है। टनकपुर में बीती रात 20-25 लोगों का रेस्क्यू कर एनडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला अब तक 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। उधर कुमाऊं कमिश्नर और डीआईजी भी प्रभावित क्षेत्रों में डटे हुए हैं। खास बात यह है कि पहाड़ में हो रही इस बारिश का असर अब हरिद्वार के निचले क्षेत्रों में खानपुर व लक्सर में ही नहीं दिख रहा है पीलीभीत, बरेली व मुरादाबाद तक इसका असर दिखने लगा है अगर बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा तो आने वाले समय में मुश्किलें और भी बढ़ सकती हैं। उधर राज्य में भूस्खलन के कारण सड़कों के बाधित होने का सिलसिला भी जारी है। जिससे बचाव राहत कार्य में बाधा आ रहा है।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। नाबालिग के अपहरण मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग पीड़िता को बरामद कर लिया है। नाबालिग के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म एंव पोक्सो एक्ट की धाराओं में भी मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती 5 जुलाई को थाना बडकोट पर नाबालिग के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा उक्त मामले में बीती शाम अपहरण करने वाले युवक शुभम(19 वर्ष) को गिरफ्तार व नाबालिग को बरामद किया गया जिसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। साक्ष्य/ बयानों के आधार पर उक्त मामले में पुलिस ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी द्वारा बताया गया कि महिला व बाल अपराधों के प्रति उत्तरकाशी पुलिस बेहद गम्भीर है, इस प्रकार के कुकृत्य करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा, नये भारतीय कानून व पोक्सो अधिनियम में ऐसे लोगों के लिये कठोर सजा के प्रावधान हैं।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



बागेश्वर। शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती 5 जुलाई को कोतवाली क्षेत्र बागेश्वर निवासी एक युवती ने कोतवाली बागेश्वर में तहरीर देकर बताया गया था कि उमेश तिवारी निवासी भीड़ी (दफौट) थाना कोतवाली बागेश्वर द्वारा उसको शादी का झांसा देकर बागेश्वर से अलग-अलग जगह ले जाकर उसका शारीरिक शोषण किया गया एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम को बीती शाम सूचना मिली कि उक्त मामले का आरोपी ताकुला टैक्सी स्टैण्ड पर देखा गया है जो कही भागने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर छापेमारी कर आरोपी उमेश तिवारी निवासी भीड़ी (दफौट) जिला बागेश्वर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार युवक का कटा हाथ

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार का हाथ कट गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्या विहार रायपुर निवासी सोमपाल ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा बिट्टू अपनी मोटरसाईकिल से बाजार से घर की तरफ आ रहा था। जब वह दर्शनलाल चौक व लैसडाउन चौक के बीच पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको एक स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान चिकित्सको द्वारा उसका हाथ काटा गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.- 59626/94**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*